# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षाराजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा / माध्य / संस्था / एफ–1 / 12102 / NTT / स्था. / समायोजन / 2023 दिनांक :– 24.07.2023

**सूचना**

मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022–23 के बिन्दु संख्या 230 एवं राज्य सरकार के पत्रांक प. 4(15)शिक्षा–1 / बाल वाटिका / 2022 जयपुर दिनांक 24.11.2022 की पालना में निदेशक समेकित बाल विकास विभाग, जयपुर के अधीन कार्यरत पूर्व प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षा विभाग के अधीन महात्मा गांधी (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय में संचालित बाल वाटिका में समायोजन के सम्बन्ध में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा से प्राप्त संस्थापन सूचना के आधार पर कार्मिकों से जिला आवंटन हेतु प्राथमिकता विकल्प ऑनलाईन आमंत्रित किये गये है।

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा से प्राप्त संस्थापन सूचना के आधार पर कुल 1833 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 1579 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 254) कार्मिकों से विभाग में समायोजन हेतु जिला आवंटन हेतु प्राथमिकता विकल्प विभागीय लिंक https://rajshaladarpan.nic.in----staff window----staff selection पर जाकर दिनांक 22.07.2023 समय 4:00 PM से दिनांक 24.07.2023 समय 6:00 PM तक चाहे गये थे। उक्त क्रम में पूर्व प्राथमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत जिन कार्मिकों द्वारा निर्धारित दिनांक तक जिला आवंटन हेतु प्राथमिकता विकल्प पत्र ऑनलाईन नहीं भरा गया, को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए जिला आवंटन हेतु प्राथमिकता विकल्प ऑनलाईन विभागीय लिंक पर भरने की अवधि को दिनांक 26.07.2023 समय सांय 6:00 PM तक बढाया जाता है। उक्त समय के पश्चात् यह लिंक स्वतः ही बन्द हो जावेगा। विदित रहे कि निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन जिला प्राथमिकता विकल्प सबमिट नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को कोई भी जिला आवंटित किए जाने हेतु विभाग स्वतंत्र होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी(नियुक्ति प्रकोष्ठ)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर